निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

बिहार गजट
बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

21 श्रावण 1948 (श0)

संख्या 32 **पटना, बुधवार,**

12 अगस्त 2026(ई0)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग-1—नियुक्ति, पदस्थापन,बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं।	**02-09**
भाग-1-क—स्वयंसेवक गुल्मों के समादेष्टाओं के आदेश।	---
भाग-1-ख—मैट्रीकुलेशन, आई0ए0, आई0एससी0, बी0ए0, बी0एससी0, एम0ए0, एम0एससी0, लॉ भाग-1 और 2, एम0बी0बी0एस0, बी0एस0ई0, डीप0-इन-एड0, एम0एस0 और मुख्तारी परीक्षाओं के परीक्षा-फल, कार्यक्रम, छात्रवृत्ति प्रदान, आदि।	---
भाग-1-ग—शिक्षा संबंधी सूचनाएं, परीक्षाफल आदि	---
भाग-2—बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।	---
भाग-3—भारत सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और उच्च न्यायालय के आदेश, अधिसूचनाएं और नियम, 'भारत गजट' और राज्य गजटों के उद्धरण।	---
भाग-4—बिहार अधिनियम	---
भाग-5—बिहार विधान मंडल में पुर:स्थापित विधेयक, उक्त विधान मंडल में उपस्थापित या उपस्थापित किये जानेवाले प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और उक्त विधान मंडल में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-7—संसद के अधिनियम जिनपर राष्ट्रपति की ज्येष्ठ अनुमति मिल चुकी है।	---
भाग-8—भारत की संसद में पुर:स्थापित विधेयक, संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-9—विज्ञापन	---
भाग-9-क—वन विभाग की नीलामी संबंधी सूचनाएं	---
भाग-9-ख—निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि।	**10-17**
पूरक	---
पूरक-क	---

भाग–1

नियुक्ति, पदस्थापन,बदली, शक्ति, छुट्‌टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं।

गृह विभाग
(आरक्षी शाखा)

अधिसूचना
3 अगस्त 2026

सं0 7/बि0पु0ह0–202/2010 ग0आ0–9526––बिहार पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा–55 एवं धारा–94 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये बिहार राज्यपाल, बिहार पुलिस हस्तक खण्ड–1 के नियम 1150 एवं 1151 (ख) को तुरंत के प्रभाव से निम्न् संशोधन करते हैं :–

(1) बिहार पुलिस हस्तक खंड–1 के नियम 1150 एवं 1151 (ख) में संशोधन करते हुए यह प्रावधान किया जाता है कि किसी एक विभागीय भवन या भवन समूह/आवासीय या गैर आवासीय भवनों के सन्निर्माण एवं पुनः सन्निर्माण या संरचनात्मक हेरफेर के लिए ₹10,00,000/– (दस लाख रुपये) लागत तक की परियोजना की स्वीकृति देने हेतु पुलिस महानिदेशक, बिहार को प्राधिकृत किया जाता है।

(2) क्षेत्रीय कार्यालयों के आवासीय अथवा गैर आवासीय के लिए क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप–महानिरीक्षक को ₹ 2,50,000/–(दो लाख पचास हजार रूपये) लागत तक की परियोजना की स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्राधिकृत किया जाता है।

(3) ₹10,00,000/– (दस लाख रुपये) से अधिक लागत की परियोजनाओं की स्वीकृति की शक्ति सरकार में निहित होंगी तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए ₹2,50,000 (दो लाख पचास हजार रुपये) से अधिक लागत की परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को प्राधिकृत किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
अमलेन्दु कुमार सिंह, संयुक्त सचिव।

सामान्य प्रशासन विभाग

अधिसूचनाएं
3 अगस्त 2026

संख्या–7/शक्ति प्र0–13–02/2025 सा0प्र0 **13867**––भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार–राज्यपाल निम्नांकित अनुसूची के स्तम्भ–2 में उल्लेखित कार्मिकों को उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ में अंकित विवरणी के अनुसार दण्डाधिकारी नियुक्त करते हैं। उक्त कार्मिकों को दरभंगा, अरवल एवं पटना जिला में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (46, 2023) की संगत धारा के अंतर्गत विशेष कार्यपालक दण्डाधिकारी की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने की घटनोत्तर एवं वर्तमान अवधि की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

अनुसूची

क्र0 स0	**कार्मिक का नाम एवं पद नाम**	**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा, जिसके तहत शक्ति प्रदान की गयी है**	**तिथि/अवधि**	**प्रयोजन**	**दण्डाधिकारी (विशेष कार्यपालक/ कार्यपालक)**	**जिला का नाम**
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*
1	जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0)–सह–जिला पदाधिकारी, दरभंगा के पत्रांक–5504/सी0 दिनांक 26.07.2026 के साथ संलग्न सूची में अंकित कार्मिक।	भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–15	पैक्स निर्वाचन, 2026 मतदान कार्य हेतु दिनांक 29.07.2026 के लिए	विधि व्यवस्था	विशेष कार्यपालक दंडाधिकारी	दरभंगा

2	जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0)–सह–जिला पदाधिकारी, अरवल के पत्रांक–514/स्था0 दिनांक 27.07.2026 के साथ संलग्न सूची में अंकित कार्मिक।	भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–15	पैक्स निर्वाचन, 2026 मतदान कार्य हेतु	विधि व्यवस्था	विशेष कार्यपालक दंडाधिकारी	अरवल
3	जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–जिला पदाधिकारी, पटना के पत्रांक–123 दिनांक 27.07.2026 के साथ संलग्न सूची में अंकित कार्मिक।	भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–15	बिहार विधानसभा उप निर्वाचन, 2026 मतदान कार्य हेतु दिनांक 29.07.2026 से 30.07.2026 तक के लिए	विधि व्यवस्था	विशेष कार्यपालक दंडाधिकारी	पटना

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
सुनील कुमार तिवारी, अवर सचिव।

––––––

31 जुलाई 2026

सं0 7/शक्ति प्र0–13–02/2025 सा0प्र0 **13978**––भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार–राज्यपाल निम्नांकित अनुसूची के स्तम्भ–2 में उल्लेखित कार्मिकों को उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ में अंकित विवरणी के अनुसार दण्डाधिकारी नियुक्त करते हैं। उक्त कार्मिकों को पटना जिला में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (46, 2023) की संगत धारा के अंतर्गत विशेष कार्यपालक दण्डाधिकारी की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

अनुसूची

क्र0 स0	**कार्मिक का नाम एवं पद नाम**	**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा, जिसके तहत शक्ति प्रदान की गयी है**	**तिथि/अवधि**	**प्रयोजन**	**दण्डाधिकारी (विशेष कार्यपालक/ कार्यपालक)**	**जिला का नाम**
1	***2***	***3***	***4***	***5***	***6***	***7***
1	जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, पटना के पत्रांक–2159 दिनांक 28.07.2026 के साथ संलग्न सूची में अंकित कार्मिक।	भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–15	बिहार विधान सभा उप निर्वाचन, 2026 मतदान कार्य हेतु	बिहार विधान सभा उप निर्वाचन, 2026	विशेष कार्यपालक दंडाधिकारी	पटना

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
सुनील कुमार तिवारी, अवर सचिव।

––––––

निर्वाचन विभाग

––––––

अधिसूचनाएं

6 अगस्त 2026

सं० सं० ई2–2–34/2010–**51**––श्री लाल बहादुर राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण (HRMS-Employee Id-10681585) को निजी कार्य हेतु बिहार सेवा संहिता के नियम–227, 240 एवं 248 (यथा संशोधित) में निहित प्रावधानों के अधीन एवं वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 791(23) दिनांक 26.05.2026 से प्राप्त आदेयता के आलोक में दिनांक 20.04.2026 से 10.06.2026 तक उनके द्वारा उपभोगित कुल 52 (बावन) दिनों के उपार्जित अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

उक्त उपार्जित अवकाश की स्वीकृति के पश्चात दिनांक 19.04.2026 तक 300-52=**248** दिन शेष रहेगी।

2. इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
माधव कुमार सिंह, अपर सचिव–सह–अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।

———————

6 अगस्त 2026

सं० I/476475--श्रीमती शशि रंजन, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, पालीगंज, पटना (HRMS Employee ID-30052769) का प्रथम संतान हेतु वित्त विभाग के पत्रांक–9889 दिनांक 01.12.2015 में निहित प्रावधानों के अधीन एवं वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– PCFC/ELECTION/BELS/2022/0136 **1068 (23)** दिनांक 09.07.2026 से प्राप्त आदेयता के आलोक में दिनांक 16.07.2026 से 11.01.2027 तक कुल 180 (एक सौ अस्सी) दिनों के मातृत्व अवकाश स्वीकृत किया जाता है।

2. इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
माधव कुमार सिंह, अपर सचिव–सह–अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।

———————

6 अगस्त 2026

सं० I/476480--श्रीमती प्रियदर्शी पाल, अवर निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) (HRMS-Employee Id-30049553) को निजी कार्य से अपने घर ओड़िषा जाने हेतु बिहार सेवा संहिता के नियम–227, 240 एवं 248 (यथा संशोधित) में निहित प्रावधानों के अधीन एवं वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 388(23) दिनांक 09.03.2026 एवं 921(23) दिनांक 30.06.2025 से प्राप्त आदेयता के आलोक में दिनांक 13.05.2026 से 14.06.2026 तक उनके द्वारा उपभोगित कुल 33 (तैंतीस) दिनों के उपार्जित अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

उक्त उपार्जित अवकाश की स्वीकृति के पश्चात दिनांक 04.05.2025 तक **52-33=19** दिन शेष रहेगी।

2. इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
माधव कुमार सिंह, अपर सचिव–सह–अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।

———————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

———————

अधिसूचना
24 जुलाई 2026

सं० BSEB(SS)Coll-Estab/939/D-2006--बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्ध माध्यमिक/उच्च माध्यमिक (+2 महाविद्यालय) के कर्मियों की सेवाशर्त से संबंधित मार्गदर्शिका, 2017 में संशोधन पर प्रशासी विभाग से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है, को निदेशक (मा०शि०) के पत्रांक–1166, दिनांक–24.07.2026 के आलोक में सर्वसाधारण की सूचना के लिये प्रकाशित किया जाता है।

आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, सचिव।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबद्ध माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय (+2 महाविद्यालय) के कर्मियों की सेवाशर्त से संबंधित मार्गदर्शिका, 2017 में संशोधन करने हेतु निम्नलिखित मार्गदर्शिका बनाते है।

1. **संक्षिप्त नाम विस्तार एवं प्रारंभः–**
   (i) यह "मार्गदर्शिका बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबद्ध माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय (+2 महाविद्यालय) के कर्मियों की सेवाशर्त से संबंधित (संशोधन) मार्गदर्शिका 2026" के रूप में जाना जायेगा।
   (ii) इसका विस्तार सम्पूर्ण बिहार राज्य में होगा।
   (iii) यह विभागीय राजपत्र में अधिसूचित होने की तिथि से प्रवृत्त होगा।
2. **मार्गदर्शिका की कंडिका–3 के उपकंडिका (III)(ii) में संशोधन :–**
   कंडिका–3 के उपकंडिका (III)(ii) के अंत में विहित ''जन्म तिथि समान होने की स्थिति में नाम के पहले अक्षर के आधार पर तय किया जायेगा'' के स्थान पर ''**जन्म तिथि समान होने की स्थिति में अँग्रेजी नाम के पहले अक्षर के आधार पर तय किया जायेगा।** '' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।
3. **मार्गदर्शिका की कंडिका–4 की उपकंडिका (ख) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगाः–**
   (ख) माध्यमिक विद्यालयों हेतु–प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक सहित कम से कम 09 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (टी0जी0टी0) होंगे–भाषा (दो शिक्षक), गणित (एक शिक्षक), प्राकृतिक विज्ञान (2 शिक्षक)–भौतिकी/रसायन शास्त्र–1, जीव विज्ञान–1, सामाजिक विज्ञान–(एक शिक्षक), शारीरिक शिक्षा (एक शिक्षक), एवं कला (एक शिक्षक)। प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में 5 शिक्षकेत्तर कर्मी (तकनीकि) होना चाहिए, जिनमें

प्रयोगशाला तकनीशियन (तीन), कम्प्यूटर सहायक (एक) एवं पुस्तकालयाध्यक्ष (एक) सम्मिलित होगें। प्रशासनिक कार्य हेतु प्रत्येक विद्यालय में 6 शिक्षकेत्तर कर्मी (अन्य) सदस्य–कार्यालय सहायक–(दो) केयर टेकर–(एक), ऑफिस एटेंडेंट–(दो) तथा गार्ड (एक) होंगे।

4. **मार्गर्शिका की कंडिका–4 की उपकंडिका (ग) को निम्नलिखित द्वारा संख्यांकित करते हुए प्रतिस्थापित किया जायेगाः–**

(ग) **पूर्व परिशद् (निरसित) से प्रस्वीकृत/अनुशंसित/स्थापना अनुज्ञा प्राप्त इन्टर महाविद्यालयों के लिएः–(i)** परिषद् (निरसित) से प्रस्वीकृत प्राप्त इंटर महाविद्यालयों के लिए वर्ष–1994 में राज्य सरकार के निदेशानुसार परिषद् निरसित से निर्गत अधिसूचना के आलोक में प्रत्येक महाविद्यालय में प्रधानाचार्य के लिए एक पद के अतिरिक्त कला एवं विज्ञान में प्रत्येक प्रस्वीकृति प्राप्त विषयों में शिक्षक के एक–एक पद वाणिज्य में दो पद तथा अधिसूचना में शिक्षकेत्तर कर्मियों के विहित पदों के अनुरूप तृतीय वर्गीय कर्मियों के लिए कुल सात (07) पद तथा चतुर्थवर्गीय कर्मियों के लिए कुल आठ (08) पद स्वीकृत माने जायेंगे।यदि पूर्व में निर्गत निदेशों या छात्र संख्या बल के आधार पर किसी इंटर महाविद्यालय में यदि कला एवं विज्ञान के प्रस्वीकृति प्राप्त विषयों में शिक्षक द्वितीय पद पर निरसन के पूर्व से नियुक्त हैं, तो पूर्व से नियुक्त शिक्षकों के द्वितीय पद को भी स्वीकृत माना जायेगा। जिन 8 विषयों को विलोपित करते हुए मूल विषय में समाहित राज्य सरकार के निदेशानुसार किया गया है, उन मूल विषय में यदि पूर्व से दो शिक्षक नियुक्त हैं, तो उस मूल विषय में तीसरे पद को भी स्वीकृत माना जायेगा जिसपर विलोपित विषय के शिक्षक सामंजित होगें, परन्तु उनके सेवानिवृति के साथ ही उस तीसरे पद को विलोपित माना जायेगा।

(ii) परिषद् (निरसित) से प्रस्वीकृति प्राप्त ऐसे विषय जिनमें प्रायोगिक परीक्षा ली जाती है, में प्रति प्रस्वीकृति विषय के लिए एक प्रयोगशाला तकनीशियन का पद स्वीकृत माना जाएगा। उच्च माध्यमिक स्तर पर वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रम में विषयों की संख्या कम कर दी गयी है, परन्तु वर्तमान में छात्रों की संख्या बल में वृद्धि होते जा रही हैं। इंटर महाविद्यालय में पूर्व से नियुक्त शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मी एवं उनके पद का सामंजन वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रम के विषय में विषयानुसार माना जाएगा।

(iii) उपर्युक्त खंड–(i) एवं (ii) में विहित शर्तो के अधीन बिहार इंटरमीडिएट शिक्षा परिषद् निरसित होने के पूर्व शासी निकाय/प्रबंध समिति/तदर्थ प्रबंध समिति द्वारा विभिन्न विषयों में द्वितीय एवं तृतीय पदों पर नियुक्त शिक्षक तथा प्रयोगशाला तकनीशियन वितरहित शिक्षा नीति की समाप्ति के उपरांत परीक्षफल आधारित अनुदान की स्वीकृति के अनुसार अनुदान प्रारंभ की तिथि/सत्र से अनुदान पाने के हकदार होगें।

परंतु, इसके फलस्वरूप राज्य सरकार को किसी प्रकार की अतिरिक्त वित्तीय देनदारी/देयता नहीं होगी।

(iv) पूर्व से स्वीकृत पदों एवं निरसन के पूर्व से कार्यरत शिक्षकों की संख्या के आकलन के आधार पर छात्र संख्या के अनुरूप विषय विशेष में अतिरिक्त पद सृजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की सहमति प्राप्त करते हुए किया जा सकेगा।जिन प्रस्वीकृत महाविद्यालय/उच्च माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में किसी विषय में छात्र लगातार तीन वर्षों तक न्यून है, उस संस्था में उस विषय को विलोपित करते हुए पद स्वतः समाप्त समझा जाएगा।

5. **मार्गदर्शिका की कंडिका–6 के अंत में निम्नवत एक परंतुक अंतःस्थापित किया जायेगाः–**

परंतु यह कि ऐसी प्रोन्नति उस शैक्षिक संस्थान की शासी निकाय/प्रबंध समिति/तदर्थ प्रबंध समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत की जा सकेगी।

6. **मार्गदर्शिका की कंडिका–9 की उपकंडिका (ड़) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगाः–**

(ड़) प्रत्येक संवर्ग में 4% पदों को दिव्यांग द्वारा राज्य सरकार में विहित प्रावधान के अनुसार भरा जायेगा।

7. **मार्गदर्शिका की कंडिका–15 को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगाः–**

15. सेवानिवृति।–इस मार्गदर्शिका में किसी बात के होने पर भी या अन्यथा संस्था के प्रधान सहित प्रत्येक कर्मी समय–समय पर सरकार द्वारा विहित सेवानिवृति की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत होगा। वर्तमान में सेवानिवृति की उम्र राज्य सरकार के समरूप पदो के अनुरूप 60 वर्ष होगी।किसी भी परिस्थिति में 60 वर्ष की सेवानिवृति के उपरांत संस्था के प्रधान सहित अन्य कर्मियों को शासी निकाय एवं प्रबंध समिति/तदर्थ प्रबंध समिति द्वारा पुनर्नियुक्ति/सेवाविस्तार नहीं की जायेगी।

8. **मार्गदर्शिका की कंडिका–27 की उपकंडिका–2 के बाद कंडिका 2 (क) अंतःस्थापित किया जायेगा :–**

(2)(क):–न्यास/सोसायटी/शासी निकाय/तदर्थ प्रबंध समिति के किसी आदेश द्वारा उस शैक्षिक संस्थान का कोई कर्मी कारा निरोध की तिथि से, यदि वह या तो आपराधिक आरोप पर या अन्यथा 48 घंटे से अधिक अवधि के लिए अभिरक्षा में निरूद्ध किया गया हो, निलंबित किया गया समझा जायेगा;

परन्तु यह भी कि कारावास अवधि के बाद उस कर्मी के द्वारा योगदान किये जाने पर निलंबित समझे जाने की अवधि समाप्त समझी जायेगी और योगदान स्वीकार किया जायेगा।

9. **मार्गदर्शिका की कंडिका–32 की उपकंडिका 1 (iii) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगाः–**

1(iii) मान्यता प्राप्त उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालय में न्यनतम 8 वर्ष का शिक्षण अनुभव।

10. **मार्गदर्शिका की कंडिका–36 की उपकंडिका (ड़) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगाः–**

(ड़) प्रत्येक संस्था का बैंक में दो खाता होंगे। एक खाता में अनुदान से प्राप्त राशि संचित की जायगी, एवं दूसरे खाता में आंतरिक स्रोत से प्राप्त राशि एवं अन्य मद से प्राप्त राशि संचित की जाएगी। दोनों खाता का संचालन प्राचार्य–सह–सचिव एवं एक वरीयतम शिक्षक जो प्राचार्य का संबंधी नहीं हो, द्वारा किया जायेगा। संस्था में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता होने पर पूर्ण जिम्मेवारी प्राचार्य–सह–सचिव एवं संबंधित वरीयतम शिक्षक (खाता संचालन हेतु नामित) की होगी। समिति द्वारा उपलब्ध करायी गयी अनुदान की राशि के वितरण के निमित्त खाता संचालन हेतु निर्गत विभागीय संकल्प संख्या– 381 दिनांक– 09.03.2010 एवं समिति द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेश भी यथासमय अनुमान्य समझे जायेंगे। सभी व्यय प्रबंध समिति/तदर्थ समिति के अनुमोदन से किये जायेंगे। प्रत्येक वर्ष आय–व्यय का ऑडिट किया हुआ विवरणी बोर्ड में भेजना आवश्यक होगा।

आदेश से,
(ह०), अस्पष्ट, सचिव।

The 24th July 2026

The following guidelines are formulated to amend the 2017 guidelines regarding the service conditions of personnel in secondary/higher secondary schools (+2 colleges) affiliated with the Bihar School Examination Board.

1. **Short title, extent and commencement: -**
   (i) These Guidelines may be called Guidelines (Amendment), 2026 in connection with the conditions of service of employees of Secondary / Senior Secondary Schools (+2 Colleges) affiliated by Bihar School Examination Board.
   (ii) It shall extend to the whole of the State of Bihar.
   (iii) It shall come into force from the date of its notification in the Official Gazette.
2. **Amendment in Sub Clause (iii) (ii) of Clause 3 of the Guidelines:-**
   The provision "in the event of identical dates of birth, the decision shall be based on the first letter of the name," prescribed at the end of Sub-clause (iii)(ii) of Clause 3, shall be substituted with "in the event of identical dates of birth, the decision shall be based on the first letter of the name in English."
3. **Sub Clause- (b) of clause 4 of the Guidelines shall be substituted by the following: -**
   (b) For Secondary Schools- Each Secondary school shall have at least 09 Graduate Trained Teachers (T.G.T.) including the Principal - Language (two teachers), Mathematics (one teacher), Natural Science (two teachers), Physics/Chemistry (one teacher), Biology (one teacher), Social Science (one teacher), Physical Education (one teacher) and Arts (one teacher). Each Secondary School should have 5 non-teaching staff (technical), which shall include Laboratory Technicians (three), Computer Assistant (one), and Librarian (one). For administrative work, each school shall have 6 non-teaching staff (other) members- Office Assistant - (two), Caretaker - (one), Office Attendant - (two) and Guard - (one).
4. **Sub Clause- (c) of clause 4 of the Guidelines shall be substituted by the following: -**
   (c)For Intermediate Colleges with recognition / recommendation / permitted to establish by the erstwhile Council (dissolved): - (i) For Intermediate colleges recognized by the Council as per directions of the State Government issued in the year 1994,in view of notification issued by the Council (dissolved), each college in addition to one post of Principal, shall have one post of teacher each in every approved subject of Arts and Science, two posts in Commerce and as per the posts prescribed for non-

teaching staff in the notification, a total of seven (07) posts for Class – III employees and a total of eight (08) posts for Class-IV employees shall be considered as sanctioned posts. If in any Intermediate college, teacher has earlier been appointed on second post in approved subjects of Arts and Science on the basis of directions issued earlier or on the basis of strength of students, before repealing, then the second post on which teacher had been appointed earlier shall also be considered as sanctioned post. If two teachers are already appointed in the basic subject in which eight subjects which had been deleted and merged in the basic subject by the direction of the State government, then the third post of the basic subject on which the teacher of the deleted subject shall be adjusted, shall also be considered as sanctioned post however, the said third post shall be considered deleted upon their retirement.

(ii) In subjects recognized by the Council (dissolved) where practical examinations are conducted, one post of Laboratory Technician shall be considered sanctioned for each recognized subject. The number of subjects in the current Higher Secondary curriculum has been reduced however, student enrolment is continuously increasing presently. Teachers / non-teaching employees previously appointed in Intermediate Colleges and their posts shall be adjusted subject-wise in accordance with the subjects presently included in the curriculum.

(iii) Subject to the conditions prescribed in clause (i) and (ii) above mentioned, the teachers appointed against second and third posts in various subjects and the Laboratory Technicians, appointed by the Governing Body/Managing Committee / Ad-hoc Managing Committee prior to the dissolution of the Bihar Intermediate Education Council shall be entitled to receive grant from the date of commencement of grant / session as per the approval of result based grant after the abolition of Vittrahit Education Policy.

Provided that this shall not impose any additional financial liability or obligation upon the State Government.

(iv) Additional posts in a particular subject as per strength of students and based on assessment of the earlier sanctioned posts and the number of teachers working before dissolution may be sanctioned upon obtaining the permission of the Bihar School Examination Board. In those approved Colleges / Secondary and Higher Secondary schools where the strength of students in any subject is deficient for three consecutive years, such subject shall be treated as abolished in that institution and the corresponding post shall automatically stand abolished.

5. At the end of Clause- 6 of the Guidelines, the following proviso shall be inserted: -

Provided that such promotion may be granted after due consideration by the Governing Body/Managing Committee/Ad-hoc Managing Committee of the concerned educational institution.

6. Sub Clause- (e) of clause 9 of the Guidelines shall be substituted by the following:-

(e) Four percent (4%) of the posts in each cadre shall be filled by persons with disabilities in accordance with the provisions prescribed by the State Government.

7. Clause - 15 of the Guidelines shall be substituted by the following:-

15. Retirement- Notwithstanding anything contained in these Guidelines, every employee, including the Head of the Institution, shall retire upon attaining the age of superannuation as prescribed by the Government from time-to-time. At present, the age of retirement shall be 60 years, in accordance with State Government for equivalent

posts. Under no circumstance shall the Head of the Institution or any other employee be reappointed or granted extension of service after retirement upon attaining the age of 60 years by the Governing Body, and Managing Committee / Ad hoc Managing Committee.

8. At the end of Sub Clause- 2 of Clause-27 of the Guidelines, Sub Clause-2 (a) shall be inserted: -

(2) (a): Any employee of an educational institution shall be deemed to have been placed under suspension from the date of his detention if he is taken into custody, in connection with a criminal charge or otherwise, for a period exceeding forty-eight (48) hours pursuant to an direction of a Trust, Society, Governing Body / Ad hoc Managing Committee.

Provided that upon release from custody and resumption of duties by such employee, the period of deemed suspension shall come to an end and the employee's joining shall be accepted.

9. Sub Clause- 1 (iii) of clause 32 of the Guidelines shall be substituted by the following:-

1 (iii)A minimum of 8 years' teaching experience in a recognized Higher Secondary School / Secondary School.

10. Sub Clause- (e) of Clause 36 of the Guidelines shall be substituted by the following:-

(e) Every institution shall maintain two bank accounts. One account shall hold funds received by way of Government grant-in-aid, and the other account shall be used for funds generated from internal sources and receipts from other heads. Both accounts shall be operated by the Principal-cum-Secretary, and one senior-most teacher, who shall not be a relative of the Principal. The Principal-cum-Secretary and the concerned senior-most teacher (nominated for such operation) shall be wholly responsible for any financial irregularities in the institution. Departmental Circular No. 381 dated 09.03.2010 and such other directions issued from time-to-time by the Committee regarding the manner of operation of bank account for disbursement of grant made available by the Committee shall be considered applicable at the relevant time. All expenditures shall be incurred with the approval of the Managing Committee/ Ad-hoc Managing Committee. It shall be mandatory to send an audited statement of annual income and expenditure to the Board every year.

Order by,
Sd/-Illegible, Secretary.

Office of The Commissioner, Magadh Division, Gaya Ji

Office Order
29th July 2026

No. XI-K-रा0-05/2024-133--In the light of proposal received from District Magistrate, Nawada vide letter no.-325, dated- 24.07.2026 the power of certificate officer has been delegated to following officers for disposal of certificate cases u/s 3(3) of Bihar & Orrisa Public Demand Recovery Act. 1914.

Sl. No.	Officers Name	Designation	Remarks
01	Md. Shere Afgan Khan	Assistant Disaster Management Officer, Nawada.	District Level
02	Sri Rajeev Ranjan	District Welfare Officer, Nawada	District Level
03	Sri Sushil Kumar Suman	Deputy Commissioner, State Tax, Nawada	District Level
04	Md. Kausar Imam	DCLR, Rajauli	Sub Divisional
05	Miss Puja Sharma	Circle Officer, Narhat	Circle Level
06	Smt. Pushpanjali Kumari	Circle Officer, Govindpur	Circle Level
07	Miss. Niharika	Circle Officer, PakariBarawan	Circle Level
08	Smt. Juli Kumari	Circle Officer, Warisliganj	Circle Level
09	Miss. Garima Gitika	Circle Officer, Nawada Sadar	Circle Level
10	Sri Paramjeet Sirmaur	Circle Officer, Hisua	Circle Level
11	Sri Chandan Chaudhari	Circle Officer, Kauakol	Circle Level
12	Sri Ayush Chandrahas	Circle Officer, Kashichak	Circle Level
13	Sri Amlesh Kumar	Circle Officer, Meskaur	Circle Level
14	Sri Kaushal Kumar	Circle Officer, Roh	Circle Level
15	Sri Prem Anand Prasad	Circle Officer, Sirdala	Circle Level
16	Sri Duniya Lal Yadav	BDO, Nawada Sadar	Block Level
17	Sri Vijay Kumar	BDO, Kashichak	Block Level
18	Sri Amit Kumar	BDO, Sirdala	Block Level
19	Sri Ajay Kumar Singh	District Sub Registrar , Nawada	District Level

Order of Commissioner, Magadh Division, Gaya Ji dt 29.07.2026
Sd/-Illigible, Secretary to Commissioner.

———————

29th July 2026

No. XI-K-रा0-03/2024-134--In the light of proposal received from District Magistrate, Jehanabad vide letter No.-413, dated- 20.07.2026 the power of certificate officer has been delegated to following officers for disposal of certificate cases u/s 3(3) of Bihar & Orrisa Public Demand Recovery Act. 1914.

Sl. No.	Officers Name	Designation	Remarks
01	Sri NeelKamal	BDO, Jehanabad	Block Level
02	Sri Rajesh Kumar Dinkar	BDO, Makhdumpur	Block Level

Order of Commissioner, Magadh Division, Gaya Ji dt 29.07.2026
Sd/-Illigible, Secretary to Commissioner.

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 21—571+10-डी0टी0पी0।
Website: https://egazette.bihar.gov.in

भाग-9-ख

निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि।

सूचना

No. 785--I, Shazia Shakil W/o Shakil Ahmad Ansari, R/o Anand Bazar, Near old A.S.P. office, Danapur Cantt, Patna Bihar-801503 do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No. 1850 dt. 06.04.26 that my name is written in my all educational documents as Shazia Luquman. Where as in Aadhar card, Pan card, Voter Id my name is written as Shazia Shakil. Both names are same and one person. From now I shall be known as Shazia Shakil for all purposes.

Shazia Shakil.

सं० 786--मैं, किरण देवी खेमका, पत्नी गणेश कुमार खेमका, निवास-सरस्वती अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर-46, बी ब्लॉक, एस.पी. वर्मा रोड, थाना-कोतवाली, जिला-पटना-800001, शपथ पत्र संख्या-250 तारीख 07.07.2026 के द्वारा यह घोषणा करती हूँ कि मेरा पुत्र केशव कुमार खेमका के दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों में मेरा नाम किरण खेमका (Kiran Khemka) दर्ज हो गया है, जो गलत है। मेरा सही नाम किरण देवी खेमका (Kiran Devi Khemka) है।

किरण देवी खेमका।

No. 787--I, Ajit Kumar, S/o Late Deo Prasad, R/o-Prasad Villa, Road No.-1C, Ashok Nagar, Kankarbagh, Patna-800020, do hereby declare that my son's name has been wrongly mentioned as 'AAYUSH SINGH' in the Birth Certificate/School records; his correct name is 'AYUSH SINGH' Affidavit.

No.:-985/18.04.26.

Ajit Kumar.

